5 रुपया FIVE RUPEES | 5 रुपया FIVE RUPEES | 1 एक रुपया ONE RUPEE

1 एक रुपया ONE RUPEE | 1 एक रुपया ONE RUPEE

5 Ct Rs 132

# केवल नकल की फीस के लिए

| आवश्यक स्टाम्प सहित प्रार्थना पत्र देने की तारीख<br>Date of Which Application in made for copy accompanied by the requisite stamps. | नोटिस बोर्ड पर नकल तैयार होने की सूचना की तारीख<br>Date of porting notice on notice board. | नकल वापिस दिये जाने की तारीख<br>Date of delivery of copy | नकल वापिस देने वाले अधिकारी का हस्ताक्षर<br>Signature of officer delivering copy |
|---|---|---|---|
| 27/4/13 | 29-4-13 | 29-4-13 | कार्यालय उप जिला मजिस्ट्रेट मीरजापुर 29/4/13 |

न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर, मीरजापुर

वाद सं० 62        वर्ष 2012-2013

अन्तर्गत धारा 143 ज०वि०अधि०

डॉ रितु गर्ग सेक्रेटरी/सी०ई०ओ० सन्तुष्टि ह्यूमन डेवलपमेन्ट एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी

बनाम

सरकार

मौजा हिनौती तथा 84 दरगाना कोटिट तहसील सदर

जिला-मीरजापुर

नकल:- आदेश दि 29-4-13 की छायाप्रति संलग्न है

(DR. RITU GARG)
Secretary/CEO
Santushti Human Development
Educational and Welfare Society
Newada, Sunderpur, Varanasi

तहसीलदार
सदर मीरजापुर

Executive Engineer

<u>न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर मीरजापुर</u>

वाद संख्या वर्ष 2012–13 अर्न्तगत धारा ज0वि0अधि0

डॉ0 रितु गर्ग सेक्रेटरी /सी0ई0ओ0 संतुष्टि ह्यूमन डेवेलपमेण्ट एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी

बनाम

सरकार

मौजा– हिनौती तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर मीरजापुर।

## <u>निर्णय</u>

प्रस्तुत वाद डा0 रितु गर्ग सेक्रेटरी/सी0ई0ओ0 संतुष्टि ह्यूमन डेवेलपमेण्ट एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी नेवादा, सुन्दरपुर,वाराणसी ने अपने वादपत्र में कहा कि संतुष्टि ह्यूमन डेवेलपमेण्ट एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी हेतु 5.533 एकड़ भूमि ग्राम हिनौती तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर मे हास्पिटल एवं मेडिकल कालेज हेतु प्रस्तावित है। अतः उक्त भूमि ज0वि0अधि0 की धारा 143 के अर्न्तगत अकृषिक घोषित करने की याचना की गयी है।

मौके की अभिलेखीय एवं स्थलीय जॉच तहसीलदार सदर द्वारा करायी गयी। तहसीलदार सदर की आख्या दिनांक 29–04–2013 के अनुसार ग्राम हिनौती तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर स्थित आ0नं0 844/2 मि रकबा 1.265 हे0,आ0 नं0 817 मि रकबा 0.759 हे0, आ0नं0 796/1 मि रकबा 0.215 हे0, कुल मि रकबा 2.239 हे0 खतौनी में संतुष्टि कालेज ऑफ मेडिकल एण्ड हायर स्टडीज हिनौती डगमगपुर ,मीरजापुर संतुष्टि ह्यूमन डेवेलपमेण्ट एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी, एन 8/180/बी–51 नेवादा, सुन्दरपुर,वाराणसी वजरिए सचिव डा0 रितु गर्ग पत्नि संजय कुमार गर्ग निवासी एन 8/180/बी–51 नेवादा, सुन्दरपुर,वाराणसी के नाम संक्रमणीय भूमिधर अंकित है।मौके पर 0.379 हे0 भूमि पर विद्यालय का भवन निर्माणाधीन है, शेष रकबा परती है। इस प्रकार आ0नं0 844/2 मि रकबा 1.265 हे0,आ0 नं0 817 मि रकबा 0.759 हे0, आ0नं0 796/1 मि रकबा 0.215 हे0, कुल मि रकबा 2.239 हे0 वर्तमान में कृषि, बागवानी अथवा पशुपालन, जिसमे अर्न्तगत मत्स्य संवर्द्धन तथा कुक्कुट पालन है, से असम्बद्ध प्रयोजन के लिये प्रयुक्त हो रहा है। अतः ग्राम हिनौती तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर स्थित आ0नं0 844/2 मि रकबा 1.265 हे0,आ0 नं0 817 मि रकबा 0.759 हे0, आ0नं0 796/1 मि रकबा 0.215 हे0, कुल मि रकबा 2.239 हे0 मा0गु0 5.20 पैसा को उ0प्र0 ज0वि0अधि0 की धारा 143 के अर्न्तगत गैर कृषिक घोषित करने हेतु आख्या संस्तुति सहित प्रेषित की गयी है। आख्या के साथ उ0प्र0ज0वि0अधि0 एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम के नियम 135 के निर्धारित प्रारुप पर रिपोर्ट भी संलग्न की गयी है।

वाद दर्ज रजिस्टर हुआ। मैने पत्रावली पर उपलब्ध समस्त साक्ष्यों एवं तहसीलदार सदर की आख्या दिनांक 29–04–2013 का सम्यक परीक्षण किया। परीक्षण से स्पष्ट है कि ग्राम हिनौती तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर की आ0नं0 844/2 मि रकबा 1.265 हे0,आ0नं0 817 मि रकबा 0.759 हे0, आ0नं0 796/1 मि रकबा 0.215 हे0, कुल मि रकबा 2.239 हे0 भूमि कृषि, उद्यानकरण, पशुपालन, जिसमे मत्स्य संवर्द्धन,कुक्कुट पालन और सामाजिक वानिकी भी है से भिन्न प्रयोजन अर्थात अकृषिक रुप मे प्रयुक्त होने के कारण ज0वि0 अधि0 की धारा 143 के अर्न्तगत प्रख्यापित कर भू0राजस्व से मुक्त किया जाना न्यायोचित है।

## <u>आदेश</u>

अतः तहसीलदार सदर की आख्या दिनांक 29–04–2013 के आधार पर ग्राम हिनौती तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर की आ0नं0 844/2 मि रकबा 1.265 हे0,आ0नं0 817 मि रकबा 0.759 हे0, आ0 नं0 796/1 मि रकबा 0.215 हे0, कुल मि रकबा 2.239 हे0 में अंकित खातेदार की भूमि कृषि, उद्यानकरण, पशुपालन; जिसमे मत्स्य संवर्द्धन ,कुक्कुट पालन और सामाजिक वानिकी भी है से भिन्न प्रयोजन अर्थात अकृषिक रुप में प्रयुक्त होने के कारण उक्त भूखण्ड ज0वि0 अधि0 की धारा 143 के अर्न्तगत प्रख्यापित कर भू0राजस्व से मुक्त किया जाता है। आदेश की एक प्रति उप निबन्धक सदर को धारा 145 सपठित नियमावली 137 ज0वि0 अधि0 के तहत निःशुल्क निबन्धन हेतु भेजा जाये। तदनुसार परवाना अमलदरामद जारी हो।बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली अभिलेखागार में संचित हो।

(DR. RITU GARG)
Secretary/CEO
Santushti Human Development
Educational and Welfare Society
Nevada, Sunderpur, Varanasi

नकलकर्ता डी0आपूर्ति
मुकाबलाकर्ता
शेयर नाकमल 360 रु.

(गिरीश कुमार)
उप जिलाधिकारी सदर
मीरजापुर।

सत्य प्रतिलिपि
29/4/13
पेशकार
उप जिलाधिकारी सदर
मीरजापुर

दिनांक – 10/05/2013

सेवा में,

डॉ0 रितु गर्ग

सेक्रेटरी / सी0ई0ओ0 संतुष्टि ह्यूमन डेवलपमेण्ट

एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी

वाराणसी

पत्रांक संख्या – 78/2012-13

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र डा0 रितु गर्ग सेक्रेटरी / सी0ई0ओ0 संतुष्टि ह्यूमन डेवलपमेण्ट एजूकेशनल एण्ड वेलफेयरे सोसाइटी,वाराणसी हेतु 5.533 एकड़ भूमि ग्राम हिनौती, तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर में हास्पिटल एवं मेडिकल कालेज हेतु प्रस्तावित है।अतः उनके द्वारा सम्पूर्ण भूमि मौके की अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच तहसीलदार सदर द्वारा करायी गयी।

तहसील सदर की आख्या दिनांक 29/04/2013 के अनुसार ग्राम हिनौती तप्पा 84 परगना कंतित, तहसील सदर, जिला मीरजापुर स्थित आ0न0 844/2 मि रकबा 1.265 हे0, आ0 न0 817 मि रकबा0.759 हे0, आ0 नं0796/1 मि रकबा 0.215 हे0, कुल मि रकबा 2.239 हे0 खतौनी में संतुष्टि कॉलेज ऑफ मेडिकल एण्ड हॉयर स्टडीज, हिनौती, डगमगपुर, मीरजापुर, संतुष्टी ह्यूमन डेवलपमेण्ट एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी, एन 8/180/बी0-51 नेवादा, सुन्दरपुर, वाराणसी वजरिए सचिव डा0 रितु गर्ग पत्नी संजय कुमार गर्ग निवासी एन 8/180/बी0-51 नेवादा, सुन्दरपुर, वाराणसी के नाम संक्रमणीय भूमिधर अंकित है। मौके पर सभी उपरोक्त रकबा एक साथ एक दूसरे से सटे हुए पाये गये। अतः ये सभी एक ही भूमि का हिस्सा है।

परीक्षण से स्पष्ट है कि कि ग्राम हिनौती तप्पा 84 परगना कंतित, तहसील सदर, जिला मीरजापुर की आ0न0 844/2 मि रकबा 1.265 हे0, आ0 न0 817 मि रकबा 0.759 हे0, आ0 नं0 796/1 मि रकबा 0.215 हे0, कुल मि रकबा 2.239 हे0, भूमि एक साथ है, यह एक ही भूमि के हिस्से हैं एवं इन पर कोई भी किसी भी किस्म का कोई विवाद नहीं है।

तहसीलदार

तहसील सदर मीरजापुर